फा. सं. 1/2/2023-एनआईएसडी (सी. सं. 72072)

राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान

(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)

प्लॉट नं. जी-2, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली – 110075

दिनांक: 24.06.2026
25

# वॉक-इन-इंटरव्यू

राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (NISD) में संविदा आधार पर एक वर्ष की अवधि हेतु, जिसे आवश्यकता के अनुसार आगे बढ़ाया जा सकता है, "परामर्शदाता (राजभाषा)" पद के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा।

| क्रम सं. | विवरण | जानकारी |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | परामर्शदाता (राजभाषा) |
| 2. | पदों की संख्या | 01 (एक) |
| 3. | शैक्षणिक योग्यता | आवेदक के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से हिन्दी में स्नातकोत्तर डिग्री तथा अनुवाद में डिप्लोमा आदि होना चाहिए। साथ ही, सरकारी/निजी क्षेत्र में संबंधित कार्य अनुभव अथवा भारत सरकार/पीएसयू/स्वायत्त निकाय से सेवानिवृत्त अधिकारी को वरीयता दी जाएगी। हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण दक्षता रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदक को टिप्पणी एवं प्रारूपण कार्य में प्रवीण होना चाहिए। |
| 4. | आयु सीमा | आवेदन की अंतिम तिथि को आवेदक की अधिकतम आयु 45 वर्ष एवं सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों के लिए अधिकतम 63 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| 5. | कार्य अनुभव | • न्यूनतम 03 वर्ष का पद-योग्यता उपरांत कार्य अनुभव।<br>• राजभाषा संबंधी कार्यों को समयबद्ध एवं दक्षतापूर्वक संपादित करने का अनुभव।<br>• ऐसे सेवानिवृत्त अधिकारी जिन्होंने केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय में अनुभाग<br>अधिकारी अथवा समकक्ष या उससे उच्च पद पर कम से कम पाँच वर्ष नियमित रूप से कार्य किया हो तथा केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों की कार्यप्रणाली से भली-भांति परिचित हों।<br>• मंगल, दक्ष, एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट एवं वेब सर्फिंग जैसे सामान्यतः प्रयुक्त कंप्यूटर पैकेजों का ज्ञान।<br>• उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुतीकरण कौशल। |
| 6. | कार्य एवं | • अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कार्य करना तथा संबंधित अभिलेखों का संधारण।<br>• हिन्दी एवं अंग्रेजी में कंप्यूटर पर कार्य करने में दक्षता। |

| | | |
|---|---|---|
| | उत्तरदायित्व | • हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन एवं संचालन।<br>• त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना।<br>• सरकारी मानकों के अनुसार एनआईएसडी वेबसाइट को हिन्दी में अद्यतन करना।<br>• राजभाषा संबंधी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना एवं प्रशिक्षण आयोजित करना।<br>• एनआईएसडी में राजभाषा प्रावधानों का क्रियान्वयन तथा मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों/दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना।<br>• संसदीय समिति द्वारा निरीक्षण/लेखा परीक्षण आदि के दौरान अपेक्षित रिपोर्ट तैयार करना।<br>• सक्षम प्राधिकारी द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का निष्पादन। |
| 7. | पारिश्रमिक | समेकित मासिक पारिश्रमिक निम्नानुसार होगा:<br>• 3-5 वर्ष के अनुभव वाले अभ्यर्थियों हेतु Rs.50,000/- प्रतिमाह।<br>• 5 वर्ष से अधिक अनुभव वाले अभ्यर्थियों हेतु Rs.60,000/- प्रतिमाह। |
| 8. | नियुक्ति की प्रकृति | परामर्शदाता की नियुक्ति पूर्णतः संविदा आधार पर प्रारंभिक रूप से एक वर्ष के लिए की जाएगी, जिसे आवश्यकता एवं कार्य निष्पादन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। |

आवेदकों को दिनांक 03.07.2026 को प्रातः 10:30 बजे निदेशक, राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (NISD), जी-2, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली के समक्ष उपस्थित होना होगा।

आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट **www.nisd.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र तथा समस्त मूल प्रमाण-पत्र/दस्तावेज अभ्यर्थी को वॉक-इन-इंटरव्यू के समय साथ लाने होंगे।

जो अभ्यर्थी वॉक-इन-इंटरव्यू में सम्मिलित होने के इच्छुक हैं, उन्हें पूर्व सूचना ई-मेल के माध्यम से **Directoroffice@gmail.com** पर भेजनी होगी।

विवेक 25/06/2026

(विवेक कुमार)
उप निदेशक (प्रशासन एवं योजना)

विवेक कुमार/Vivek Kumar
उप निदेशक (प्रशासन एवं योजना)/Deputy Director, (Admn. & Plg.)
राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान/National Institute of Social Defence
प्लाट न० जी–2, सेक्टर-10 / Plot No. G-2, Sector-10
द्वारका, नई दिल्ली-110075 / Dwarka, New Delhi-110075

# आवेदन प्रपत्र

पासपोर्ट आकार का फोटो

पद हेतु आवेदन : ____________________

1. **नाम :** ____________________________________________
2. **पिता का नाम :** ____________________________________________
3. **माता का नाम :** ____________________________________________
4. **पत्राचार का पता :** ____________________________________________

____________________________________________

5. **ई-मेल पता :** ____________________________________________
6. **जन्म तिथि :** ____________________________________________
7. **संपर्क संख्या**

   **दूरभाष (लैंडलाइन) :** ____________

   **मोबाइल नं. :** ________________

8. **श्रेणी**

   सामान्य ____ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग ____ दिव्यांग ____

9. **लिंग**

   1. पुरुष ____ 2. महिला ____ 3. तृतीय लिंग ____

10. **(कृपया √ का निशान लगाएँ)**
11. **पहचान पत्र का विवरण :** ____________________________________

12. **शैक्षणिक योग्यता (विवरण सहित):**

| क्रम सं. | उपाधि/डिग्री (कालानुक्रमानुसार) | विशेषज्ञता | विश्वविद्यालय / बोर्ड | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक प्रतिशत | अन्य जानकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |

| क्रम सं. | उपाधि/डिग्री (कालानुक्रमानुसार) | विशेषज्ञता | विश्वविद्यालय / बोर्ड | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक प्रतिशत | अन्य जानकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |

13. **कार्य अनुभव का विवरण:**

| क्रम सं. | संगठन का नाम | धारित पद | अवधि (से) | अवधि (तक) | वेतन (रु.) | अन्य जानकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

14. **कंप्यूटर का ज्ञान :** ______________________________

15. **अन्य जानकारी :** ______________________________

अभ्यर्थी आवेदन पत्र जमा करते समय सभी प्रमाण-पत्रों एवं प्रशंसापत्रों की प्रतियाँ संलग्न करें। साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# प्रमाणन

मैं, अधोहस्ताक्षरी, यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है।

मैं समझता/समझती हूँ कि उपर्युक्त जानकारी में किसी प्रकार की जानबूझकर की गई गलत जानकारी पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है अथवा नियुक्ति होने की स्थिति में सेवा समाप्त की जा सकती है।

हस्ताक्षर : ____________________

दिनांक : ____________________

स्थान : ____________________